

उनकी अविश्वसनीय गति, त्रुटिहीन संतुलन और उल्लेखनीय टीम वर्क के प्रदर्शन के कारण यह प्रभावशाली उपलब्धि हासिल हुई।
- अनुराग ठाकुर

19वें एशियाई खेलों में महिला स्पीड स्केटिंग 3000 मीटर रिले रेस में कांस्य पदक जीतने पर टीम को बधाई देते हुए।




आज का खिलाड़ी

## हरमनप्रीत सिंह



**चीन** में चल रहे 19वें एशियाई खेलों के पुरूष हॉकी पूल ए मुकाबले में सोमवार को भारतीय हॉकी टीम ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मनदीप सिंह की हैट्रिक बदौलत बंगलादेश को 12-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत की ओर से हरमनप्रीत सिंह (दूसरे,चौथे और 32वें मिनट में), मनदीप सिंह (18, 24 और 46वें मिनट में), ललित उपाध्याय (23वें मिनट में), अमित रोहदास (28वें मिनट में), अभिषेक (41वें और 57वें मिनट में), नीलकांत शर्मा (47वें मिनट में), गुरजंत सिंह (56वें मिनट में) में गोल दागे।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

# एशियाड के 9वें दिन भारत ने जीते 7 मेडल, तेजस्विन डेकाथलॉन के टॉप पर

### 400 मीटर मिक्स्ड रिले टीम का कांस्य रजत में अपग्रेड हुआ

हांगझोउ, 2 अक्टूबर। भारतीय खिलाड़ियों ने 19वें एशियन गेम्स के नौवें दिन दमदार प्रदर्शन किया। सोमवार को भारतीय खिलाड़ियों ने 7 मेडल जीते। इनमें से 4 मेडल एथलीट्स ने दिलाए। इन मेडल के सहारे ओवरऑल टैली में भारत के मेडल की कुल संख्या 60 पहुंच गई है।

चीन के हांगझोउ में सोमवार का खेल समाप्त होने तक तेजस्विन शंकर 4260 अंक के साथ डेकॉथलॉन के टॉप पर हैं। इससे पहले, 400 मीटर मिक्स्ड रिले टीम का ब्रॉन्ज मेडल अपग्रेड होकर सिल्वर में बदला गया, क्योंकि श्रीलंकाई टीम डिस्क्वॉलिफाई हो गई। नौवें दिन की शुरुआत स्केटिंग के 2 ब्रॉन्ज के साथ हुई। उसके बाद दोपहर होते-होते सुतीर्था और अयहिका की जोड़ी ने टेबल टेनिस के विमेंस डबल्स इवेंट में ब्रॉन्ज जीता। फिर शाम में पारुल चौधरी, प्रीति, एंसी सोजन और भारतीय मिक्स्ड रीले टीम ने दो सिल्वर और दो ब्रॉन्ज दिलाए।





**स्केटिंग :** भारत को 2 ब्रॉन्ज स्केटिंग के 3000 मीटर रिले में 4:34.861 समय के साथ विमेंस टीम ने ब्रॉन्ज जीता। इसके बाद मेंस टीम ने भी रिले इवेंट में 4:10.128 समय के साथ ब्रॉन्ज अपने नाम किया।

**टेबल टेनिस:** सुतीर्था-अयहिका ने दिलाया ब्रॉन्ज सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी को सेमीफाइनल में नॉर्थ कोरिया के पेयर के खिलाफ 7 गेम में 11-7, 8-11, 11-7, 8-11, 9-11, 11-5, 2-11 के स्कोर के साथ 4-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ भारत को ब्रॉन्ज मिला।

**3000 मीटर स्टीपलचेज:** भारत को एक ही इवेंट में 2 मेडल विमेंस 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट में भारत के लिए पारुल चौधरी ने सिल्वर और प्रीति ने ब्रॉन्ज जीता। पारुल ने 9 मिनट 27.63 सेकेंड में दौड़ पूरी की। प्रीति ने 9 मिनट 43.32 सेकेंड में रेस पूरी कर ब्रॉन्ज ने जीता। पहले स्थान पर बहरीन की यावी विनफ्रेड म्यूटाइल रही, जिन्होंने 9 मिनट 18.28 सेकंड में रेस पूरी की।

**एथलेटिक्स:** विमेंस लॉन्ग जंप में सोजन ने सिल्वर जीता विमेंस लॉन्ग जंप में 6.63 मीटर की जंप के साथ भारत की एंसी सोजन ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। यह सोजन का पर्सनल बेस्ट भी था।

**एथलेटिक्स:** मिक्स्ड रीले टीम को सिल्वर भारत के मुहम्मद अनस, जिस्ना मैथ्यू, ऐश्वर्या मिश्रा, सोनिया बैश्य, मुहम्मद अजमल ने मिक्स्ड रीले में ब्रॉन्ज जीता। टीम ने 3 मिनट14.34 सेकंड में रेस फिनिश की। भारतीय चौकड़ी रेस में तीसरे स्थान पर रही, लेकिन दूसरा स्थान हासिल करने वाली श्रीलंकाई टीम डिस्क्वालिफाई हो गई। इस वजह से भारत का ब्रॉन्ज मेडल सिल्वर में बदल गया।

## स्क्वैश : जोशना चिनप्पा बाहर, सौरव घोषाल क्वार्टर फाइनल में

हांगझोउ, 2 अक्टूबर। भारत की जोशना चिनप्पा एशियाई खेल में स्क्वैश में सोमवार को हारकर बाहर हो गई, जबकि सौरव घोषाल ने क्वार्टरफाइनल में जीत हासिल की। चिनप्पा को महिला एकल स्पर्धा के राउंड ऑफ 16 में दक्षिण कोरिया की मिंगयोंग हेओ से 1-3 (4-11, 12-10, 9-11, 8-11) से हार मिली। गौरतलब है कि 37 वर्षीय जोशना चिनप्पा ने इंडोनेशिया में आयोजित जकार्ता 2018 एशियाई खेलों में एकल स्पर्धा का कांस्य पदक जीता था। अनुभवी भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने हाल ही में हांगझोउ में टीम कांस्य पदक भी जीता है। इसके अलावा महिला एकल स्पर्धा में भारतीय तन्वी खन्ना ने थाईलैंड की अरिचया चुजित के ख़िलाफ़ 3-0 (11-1, 11-3, 11-2) से जीत के साथ क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। मंगलवार को क्वार्टरफाइनल में तन्वी का मुकाबला जापान की सातोमी वतनबे से होगा। इस बीच, सौरव घोषाल ने अपने पुरुष एकल अभियान की शुरुआत कुवैत के अम्मार अल तमीमी के ख़िलाफ़ 3-0 (11-4, 11-4, 11-6) की आसान जीत के साथ क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टरफाइनल में 37 वर्षीय सौरव घोषाल का सामना मंगलवार को जापान के रयुनोसुके त्सुकु से होगा, जिन्होंने प्री-क्वार्टरफाइनल में भारत के महेश मनगांवकर को 3-0 (11-6, 11-2, 11-6) से हराया था।

## एशियाड में तमिलनाडु के खिलाड़ियों के प्रदर्शन से स्टालिन गदगद

चेन्नई, 2 अक्टूबर। चीन में 19वें एशियाई खेलों में तमिलनाडु के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मुक्त कंठ से सराहना की है। स्टालिन ने निशानेबाज टोंडाइमन को जीत के लिए बधाई दी। पुरुष ट्रैप स्पर्धा में टेनिस खिलाड़ी रामकुमार ने स्वर्ण पदक जीता। रामनाथन को युगल स्पर्धा में रजत पदक, स्क्वैश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा और दीपिका पल्लीकल महिला वर्ग में कांस्य पदक मिला। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, स्टालिन ने कहा, हार्दिक बधाई हमारे तमिलनाडु के रहने वाले टोंडाइमन पी. आर. को। उन्होने पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और भारत को गौरवान्वित किया। रामकुमार रामनाथन को पुरुष टेनिस युगल में रजत पदक जीतने के लिए बधाई। मैं हमारी अपनी जोशना चिनप्पा और दीपिका को भी बधाई देता हूं जिन्होंने महिला स्क्वैश में कांस्य पदक जीता।

## ईरानी कप : सौराष्ट्र के नौ विकेट पर 212 रन

राजकोट, 2 अक्टूबर। विधवत कावेरप्पा (28 रन पर तीन विकेट) और सौरभ कुमार (64 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी की मदद से शेष भारत ने ईरानी कप के पांच दिवसीय मैच के दूसरे दिन सोमवार को सौराष्ट्र की पहली पारी के नौ विकेट 212 रन पर उखाड़ दिये। सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पर दिन का खेल खत्म होने के समय जयदेव उनादकट 17 और युवराजसिंह डोडिया बगैर खाता खोले क्रीज पर डटे थे। इससे पहले शेष भारत की पहली पारी 308 रन पर सिमट गयी थी। सौराष्ट्र के शीर्ष बल्लेबाजों का प्रदर्शन आज स्तरहीन रहा। पारी के पहले ही ओवर में कावेरप्पा ने सलामी बल्लेबाज हार्दिक देसाई को शून्य पर चलता किया। अभी टीम का स्कोर चार रन ही पहुंचा था कि कावेरप्पा ने चिराग जानी (2) को विकेट के पीछे आउट कराया। चेतेश्वर पुजारा (29) और समर्थ व्यास (29) ने स्कोरबोर्ड पर 51 रन अंकित कराये थे कि इस बीच पुजारा को पुलकित नारंग ने आउट कर दिया। बाद में सौरभ ने समर्थ व्यास और शेल्डन जैक्सन (13) का विकेट चटका कर शेष भारत को मुसीबत के भंवर में धकेल दिया।

## नीदरलैंड दौरे के लिए सब जूनियर पुरुष और महिला टीम घोषित

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। नौ से 16 अक्टूबर के बीच प्रस्तावित नीदरलैंड दौरे के लिये हॉकी इंडिया ने सोमवार को 20 सदस्यीय सब जूनियर पुरुष और महिला टीमों की घोषणा कर दी। दौरे में भारतीय सब जूनियर पुरुष टीम नीदरलैंड की अंडर18 टीम और अंडर16 टीम से दो दो मैच खेलेगी जबकि सब जूनियर महिला टीम भी नीदरलैंड गर्ल्स अंडर18 टीम और नीदरलैंड गर्ल्स अंडर16 टीम के खिलाफ दो दो मुकाबलों में कड़ी टक्कर देगी। इसके अलावा भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला टीमें नीदरलैंड के एक सीनियर क्लब की पुरुष और महिला टीमों के खिलाफ मैच खेलेंगी। भारतीय सब जूनियर पुरुष टीम की कप्तानी मनमीत सिंह राय करेंगे जबकि आशु मौर्य उपकप्तान होंगे। सब जूनियर महिला टीम के लिए भव्या को कप्तान और रजनी केरकेट्टा को उपकप्तान नियुक्त किया गया है।

## मोदी ने स्पीड स्केटिंग 3000 मीटर रिले में कांस्य पदक जीतने की दी बधाई

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हांगझाउ में एशियाई खेल 2022 में पुरुषों की स्पीड स्केटिंग 3000 मीटर रिले में कांस्य पदक जीतने पर आनंदकुमार वेलकुमार, सिद्धांत राहुल कांबले और विक्रम राजेंद्र इंगले को बधाई दी है। प्रधान मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, टीम वर्क का अविश्वसनीय प्रदर्शन एक और कांस्य पदक लेकर आया। आनंद कुमार वेलकुमार, सिद्धांत राहुल कांबले, विक्रम राजेंद्र इंगले ने पुरुषों की स्पीड स्केटिंग 3000 मीटर रिले में कांस्य पदक जीता है। भारत बहुत खुश है और इस उपलब्धि पर बहुत गर्व महसूस करता है। कियानतांग रोलर स्पोर्ट्स सेंटर में आर्यनपाल सिंह घुमन, आनंदकुमार वेलकुमार, सिद्धांत राहुल कांबले और विक्रम राजेंद्र इंगले ने 4:10.128 के समय के साथ 3000 मीटर रिले का समापन किया।

## तीरंदाजी : ज्योति सुरेखा और अदिति गोपीचंद क्वार्टर फाइनल में

हांगझोउ, 2 अक्टूबर। एशियाई खेलो में महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में भारत की ज्योति सुरेखा वेन्नम और अदिति गोपीचंद स्वामी ने सोमवार को क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की जबकि पुरुषों की व्यक्तिगत कंपाउंड इवेंट में भारत के ओजस देवताले और अभिषेक वर्मा ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

ओलंपियन अतानु दास और धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा के अंतिम आठ में जगह बनाई। वहीं, भजन कौर और अंकिता भकत को राउंड ऑफ 16 और 32 में हार का सामना करना पड़ा और इसी के साथ महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व प्रतियोगिता में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

व्यक्तिगत एलिमिनेशन राउंड के दूसरे राउंड में ज्योति सुरेखा वेन्नम ने श्रीलंका की अनुराधा विजेसिंघे करुणारत्ने (145-132) को हराने के बाद प्री-क्वार्टरफाइनल में ईराक की फातिमा साद महमूद अलमशदान (146-141) को हराया। इस बीच, अदिति गोपीचंद स्वामी ने इंडोनेशिया की सयाहारा खोएरुनिसा को 148-146 से हराकर क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह बनाई। विश्व तीरंदाजी चैंपियन 17 वर्षीय अदिति गोपीचंद स्वामी ने पहले राउंड में नेपाल की इमयुंग राय को 149-137 से हराया।

पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा में, भारत के ओजस देवताले ने कुवैत के अहमद अलशट्टी (148-138) को शिकस्त दी और चीनी ताइपे के चेन चीह लुन को 146-145 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। अभिषेक वर्मा ने सऊदी अरब के बेलाल अयमान अलावादी पर जीत दर्ज करने के बाद वियतनाम के गुयेन वैन डे को 146-142 से हराया। इसके बाद अतानु दास ने अंकिता भकत के साथ रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की की। कंपाउंड मिक्स्ड टीम में भारतीय जोड़ी ओजस देवताले और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने भी अंतिम आठ में जगह बनाई।

इसके अलावा कंपाउंड मेंस टीम इवेंट में ओजस देवताले, प्रथमेश जावकर और अभिषेक वर्मा की भारतीय टीम ने जीत हासिल कर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। पुरुषों की रिकर्व टीम स्पर्धा में, अतानु दास, धीरज बोम्मदेवरा और तुषार शेल्के ने हांगकांग, चीन को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। अंकिता भकत, भजन कौर और सिमरनजीत कौर की महिला रिकर्व टीम भी क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है।

### सब जूनिर हॉकी में हरियाणा और यूपी का बोलबाला

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश के झाँसी में पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला नॉर्थ जोन चैंपियनशिप 2023 के दूसरे दिन सोमवार को हॉकी हरियाणा और उत्तर प्रदेश हॉकी ने सब जूनियर महिला वर्ग में अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की जबकि हॉकी हरियाणा, हॉकी चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश हॉकी सब जूनियर पुरुष वर्ग में अपने-अपने मैचों में विजयी रहे।

दिन के पहले मैच में सब जूनियर महिला वर्ग में हॉकी हरियाणा ने हॉकी पंजाब को 4-2 से हराया। हॉकी हरियाणा ने सीमा (35, 60) और दीया (37, 54) के माध्यम से ठोस बढ़त बनाई। इस बीच, हॉकी पंजाब के लिए कौर गगनदीप (25) और तनु रानी (56) ने एक-एक गोल किया। दूसरे मैच में सब जूनियर महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी हिमाचल को 14-0 से हराया।

## भारत ने टेबल टेनिस महिला युगल में जीता कांस्य

हांगझोउ, 2 अक्टूबर। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी अहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी ने सोमवार को खेले गये महिला युगल मुकाबले में कांस्य पदक जीता है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज अहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की जोड़ी को सेमीफाइनल 60 मिनट तक चले मुकाबले में उत्तर कोरिया की सुयोंग चा और सुगयोंग पाक से 4-3 (11-7, 8-11, 11-7, 8-11, 9-11, 11-5, 2-11) से हार मिली। इसके साथ ही उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा है।

सेमीफाइनल में मुखर्जी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए कोरियाई जोड़ी के खिलाफ पहला गेम 11-7 से जीत लिया। हालांकि, दूसरे गेम में दोनों टीमों के बीच काफी संघर्ष देखने को मिला, लेकिन अंत में सुयोंग चा और सुगयोंग पाक ने दूसरा गेम 11-8 से जीत लिया। सुयोंग चा और सुगयोंग पाक ने पांचवें गेम में शुरुआती बढ़त हासिल करते हुए आख़िर में कोरियाई खिलाड़ी मैच में 3-2 से आगे हो गईं।

सुतीर्था मुखर्जी और अहिका मुखर्जी ने छठे गेम में खेल का रुख बदला और बेहतरीन तालमेल के साथ अपने विरोधियों पर अटैक किया। उन्होंने 6-1 की बढ़त बना ली और 11-5 से गेम ख़त्म करने से पहले शानदार स्पीड हासिल कर ली। हालांकि, भारतीय टेबल टेनिस जोड़ी निर्णायक गेम में लड़खड़ा गई। सुयोंग चा और सुगयोंग पाक ने भारतीय खिलाड़ियों की गलतियों का फायदा उठाया और अंतिम गेम 11-2 से जीतकर फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले क्वार्टरफाइनल में, अहिका और सुतीर्था ने चीन की विश्व नंबर 2 जोड़ी और महिला युगल में मौजूदा विश्व चैंपियन चेन मेंग और वांग यिडी को 3-1 (11-5, 11-5, 5-11, 11-9) से हराया था।

## मलेशिया ने थाईलैंड को 194 रन से हराया

हांगझोउ, 2 अक्टूबर। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में सोमवार को खेले गये मलेशिया बनाम थाईलैंड टी-20 क्रिकेट ग्रुप सी मुकाबले में मलेशियाई ने सैय्यद अज़ीज़ 56 गेंदों में 126 रन, मुहम्मद आमिर 25 गेंदों में 55 रन की धुआंधार पारी की और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत थाईलैंड को रिकार्ड 194 रन से हरा दिया है।

आज सुबह टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मलेशिया की टीम ने सैय्यद अज़ीज़ 56 गेंदों में 126 रन, मुहम्मद आमिर 25 गेंदों में 55 रन की धुआंधार पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 268 रन विशाल स्कोर खड़ा किया। मलेशिया का पहला विकेट जुबैदी जुल्फिकली 31 के रूप में गिरा। उन्हें सातवें ओवर में नामचाइकुल ने देसुंगनेऑन के हाथों कैच आउट करवाया। उस समय टीम का स्कोर 81 रन था। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मुहम्मद आमिर ने दूसरे विकेट के लिए सैय्यद अजीत के साथ 140 रन की साझेदारी की। टीम के 249 रन के स्कोर पर सैय्यद अजीज के रूप में मलेशिया का दूसरा विकेट गिरा। अजीज को देसुंगनेऑन ने नामचाइकुल कैच कराया। जबकि मुहम्मद आमिर को देसुंगनेऑन की गेंद पर चाटफाईसन कैच किया। शर्विन मुनीअंडी के रूप में मलेशिया का चौथा विकेट गिरा। उसे पेंगकुमता ने सारानोननक्कुन के हाथों कैच करा कर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। मुनीअंडी ने तीन रन बनाये थे।

### स्वर्ण पर रहेगी नजर, नेपाल से लोहा लेंगे भारतीय

हांगझाउ, 2 अक्टूबर। एशियाई खेलों में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने सोमवार को कहा कि उनकी टीम की नजर एशियाड में स्वर्ण पदक पर है और इसी लक्ष्य के साथ टीम मंगलवार को नेपाल के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेलने मैदान पर उतरेगी। मैच की पूर्व संध्या पर उन्होने कहा टीम के सभी खिलाड़ी महिला टीम की तरह स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं। सच तो यह है कि एशियाई खेलों में हर कोई अपने देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना और पोडियम पर खड़े होना चाहता है। हम उनसे अलग नहीं है और अपनी महिला टीम की तरह स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं। हमारे पास इसका अनुभव है। हम उस तरह के माहौल और परिस्थितियों के आदी हैं। चीन की धरती पर पहली बार क्रिकेट खेलने को लेकर टीम के सभी सदस्य उत्साहित है। एशियाई खेलों में भारतीय टीम को सीधे क्वार्टरफ़ाइनल में एंट्री मिली है। चेन्नई सुपरकिंग्स के सदस्य रहे भारतीय कप्तान ने कहा मैने महेंद्र सिंह धोनी से काफ़ी कुछ सीखा है लेकिन हर व्यक्ति की शैली अलग होती है।

## सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगी भारतीय लड़कियां

हांगझाउ, 2 अक्टूबर। 19वें एशियाई खेल हांगझाउ 2022 में अपने आखिरी पूल ए मुकाबले में भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को हांगकांग चीन के खिलाफ जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत के बाद भारत अपनी लय बरकरार रखना चाहता है जबकि हांगकांग चीन अपनी पहली जीत की तलाश में है। इस टूर्नामेंट में भारत का सफर प्रभावशाली रहा है। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत सिंगापुर पर 13-0 की शानदार जीत के साथ की, इसके बाद मलेशिया के खिलाफ 6-0 की शानदार जीत हासिल की। अपने तीसरे मैच में उन्होंने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए कोरिया के खिलाफ 1-1 से रोमांचक ड्रा खेला।

दूसरी ओर, हांगकांग चीन की शुरुआत चुनौतीपूर्ण रही और उसे अपने पिछले तीनों खेलों में हार का सामना करना पड़ा। आमने-सामने के मुकाबलों की बात आती है, तो भारत ने केवल एक बार 2013 महिला एशिया कप के दौरान हांगकांग चीन के साथ मैच खेला था, जहां भारत 13-0 के स्कोर के साथ विजयी हुआ था।

भारतीय महिला टीम इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने के अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध है। हांगकांग चीन के खिलाफ भारतीय लड़कियां अपनी जीत की राह जारी रखना चाहेंगी जिससे वे अपने चैम्पियनशिप सपनों के करीब पहुंचेंगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा, इस टूर्नामेंट में हर मैच हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हमने ठोस शुरुआत की है, लेकिन हम आत्मसंतुष्ट नहीं हो सकते। हांगकांग चीन एक प्रतिस्पर्धी टीम है और हम उसे हल्के में लेने की भूल कभी नहीं करेंगे। हमारा ध्यान अपने खेल अपनी रणनीतियों और मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर रहता है। हम भारत के लिए एक और जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। टीम की उप कप्तान दीप ठोस एक्का ने कहा, हमारी पिछली जीत उत्साहजनक रही है, हम जानते हैं कि हर मैच में अनोखी चुनौतियां होती हैं।

### हॉकी में भारत ने बांग्लादेश को 12-0 से हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

हांगझोउ, 2 अक्टूबर। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों के पुरूष हॉकी पूल ए मुकाबले में सोमवार को भारतीय हॉकी टीम ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मनदीप सिंह की हैट्रिक बदौलत बंगलादेश को 12-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत की ओर से हरमनप्रीत सिंह (दूसरे,चौथे और 32वें मिनट में), मनदीप सिंह (18, 24 और 46वें मिनट में), ललित उपाध्याय (23वें मिनट में), अमित रोहदास (28वें मिनट में), अभिषेक (41वें और 57वें मिनट में), नीलकांत शर्मा (47वें मिनट में), गुरजंत सिंह (56वें मिनट में) में गोल दागे। वहीं, बंगलादेश की टीम पूरे मुकाबले में एक भी गोल करने में सफल नहीं हो पाई। आत्मविश्वास से लबरेज़ भारतीय टीम ने रोमांचक शुरुआत की। खेल शुरू होने के कुछ समय बाद ही भारत ने दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और ड्रैग फ्लिक में माहिर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 2,4वें मिनट में गोल दागे। पहले क्वार्टर में भारत ने 2-0 से बढ़त बनाई। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत भी आक्रामकता के साथ हुई और 18वें मिनट में मनदीप सिंह ने मैच का पहला फील्ड गोल करके भारत के स्कोर को 3-0 कर दिया। वहीं, 23वें मिनट में ललित उपाध्याय ने फील्ड गोल करते हुए भारत के लिए चौथा गोल किया। इसके अगले ही मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला और मनदीप सिंह ने पांचवां गोल दागा। 28वें मिनट में अमित रोहदास ने भारत के लिए पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। भारतीय टीम ने बेहद ही आक्रामक खेल का मुज़ाहिरा किया जिसकी वजह से बंगलादेश के डिफेंस को काफी संघर्ष करना पड़ा। पहले हाफ के अंत तक भारतीय टीम ने अपनी बढ़त को 6-0 से बरकरार रखा। वहीं बंगलादेश ने एक भी गोल नहीं किया। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने तीसरे क्वार्टर में भी अपना दबदबा कायम रखा और इस क्वार्टर में भारत ने दो गोल किए। 32वें मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए अपना तीसरा गोल दागा। इसके बाद अभिषेक ने गोलकीपर को छकाते हुए गोलकर स्कोर 8-0 कर किया।

## सुब्रतो कप अंडर-14 टूर्नामेंट के लिए नए कार्यक्रमों की घोषणा

बैंगलुरु, 2 अक्टूबर। सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसाइटी ने सुब्रतो कप इंटर स्कूल इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के 62वें संस्करण के सब जूनियर (अंडर 14) बालकों के टूर्नामेंट के लिए नए कार्यक्रमों की घोषणा की है। यहां गार्डन सिटी में ये टूर्नामेंट पहली बार खेला जाना है। यह गतिविधि मजबूरन इसलिए लायी गई है क्योंकि दुर्भाग्य से 15 टीमों को अपनी टीम में अधिक उम्र के खिलाड़ियों को मैदान में उतारने के कारण अयोग्य घोषित करना पड़ा।

नए मुकाबलों में 22 टीमों को आठ समूहों में विभाजित किया गया है। रविवार एक अक्टूबर को खेले गए सभी मैचों को भी आयोजकों ने अमान्य घोषित कर दिया है। टूर्नामेंट के नियमों और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार रविवार को एक आयु अनुमान परीक्षण आयोजित किया गया था। परीक्षण बेंगलुरु के तुमकुर रोड पर एक अस्पताल में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा नियुक्त एक डॉक्टर द्वारा किया गया था। कुल 126 खिलाड़ियों का परीक्षण किया गया जिसमें 87 खिलाड़ी परीक्षण में असफल रहे और 34 खिलाड़ी परीक्षण में सफल रहे। पांच खिलाड़ियों के नतीजे आज घोषित किये जायेंगे। प्रत्येक टीम के कम से कम चार खिलाड़ियों का परीक्षण किया गया और अयोग्य घोषित की गई 15 टीमों में कम से कम चार खिलाड़ी अधिक उम्र के पाए गए।

## कबड्डी में चीनी ताइपे के साथ ड्रा खेला भारत

हांगझाउ, 2 अक्टूबर। एशियन गेम्स 2023 कबड्डी में भारतीय महिला टीम और चीनी ताइपे के बीच शुरुआती मुकाबला 34-34 के स्कोर के साथ टाई रहा। इस मुकाबले के साथ भारत ने पूल ए में अपने अभियान की शुरुआत की। पूजा ने भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले हाफ में चीनी ताइपे को ऑल-आउट किया, लेकिन दूसरे हाफ में 2018 की कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे की शानदार वापसी ने कबड्डी मैच को टाई पर समाप्त कर दिया।

रितु नेगी की अगुवाई में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने ग्रुप ए के पहले मुकाबले का आग़ाज़ चीनी ताइपे के खिलाफ किया। रितु नेगी, साक्षी कुमारी, पुष्पा राणा, निधि शर्मा, पूजा, अक्षिमा बज्जाद और पूजा ने मैट पर चीनी ताइपे के खिलाफ शुरआत की।

भारत बनाम चीनी ताइपे मुकाबला अपने रोमांच के साथ शुरु हुआ। भारत के लिए पूजा ने पहला प्वाइंट हासिल किया और इसके जबाव में ताइपे की खिलाड़ी ने बोनस के साथ बढ़त बनाई, लेकिन कप्तान रितु नेगी ने टैकल प्वाइंट लेकर भारत का स्कोर बराबर कर दिया। दोनों टीमें शुरुआत से एक दूसरे पर हावी रहीं।

पहले हाफ के समाप्त होने के एक मिनट पहले पूजा ने अपने बेहतरीन मल्टी रेड प्वाइंट की बदौलत चीनी ताइपे टीम को ऑलआउट कर दिया, लेकिन अगले ही लम्हों में चीनी ताइपे ने निधि को टैकल करते हुए दो प्वाइंट अपने नाम किए। इस तरह भारतीय टीम ने पहले हाफ तक 17-15 के स्कोर से अपनी बढ़त बरक़रार रखी।

हाफ टाइम के बाद पूजा ने अपने पहली रेड में ही एक बोनस प्वाइंट हासिल कर भारत के स्कोर में इज़ाफ़ा किया। इसके बाद भारतीय लड़कियों ने बैक-टू-बैक प्वाइंट लेकर स्कोर को 21-16 तक पहुंचा दिया। भारत की रितु नेगी ने अगले ही पल टैकल प्वाइंट लेते हुए स्कोर में दो और प्वाइंट की बढ़ोतरी की। भारतीय खिलाड़ियों ने दूसरे हाफ में अपने दबदबे को बरक़रार रखा, लेकिन चीनी ताइपे खिलाड़ियों ने जल्द ही वापसी करते हुए अपने रेड और टैकल प्वाइंट से स्कोर को 27-27 से बराबरी पर पहुंचा दिया।

निधि शर्मा ने अपने अगले रेड में टच प्वाइंट के साथ बोनस भी हासिल कर स्कोर में इजाफा किया, लेकिन चीनी ताइपे ने भारत को मैच में पहली बार ऑलआउट कर स्कोर में इजाफा किया। मैच अपने आख़िरी चरम पर पहुंच गया था, चीनी ताइपे की टीम एक प्वाइंट के साथ बढ़त बनाए हुई थी। वहीं, अंत तक भारत बनाम चीनी ताइपे मुकाबला में काफी रोमांच देखने को मिला और आख़िर में यह मकुाबला 34-34 के साथ टाई रहा। इस मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने 12 बोनस प्वाइंट हासिल किए।

## स्केटिंग में भारतीय महिला और पुरुष टीम ने जीते कांस्य पदक

हांगझोउ, 2 अक्टूबर। भारतीय पुरुष और महिला स्पीड स्केटिंग 3000 मीटर रिले टीमों ने सोमवार को एशियाई खेलों में रोलर स्केटिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज महिला रिले में, कार्तिक जगदीश्वरन, हीरल साधु और आरती कस्तूरी राज की भारतीय तिकड़ी ने 4:34.861 का समय लिया और चीनी ताइपे (4:19.447) और दक्षिण कोरिया (4:21.146) के बाद तीसरा स्थान हासिल किया। पांच टीमों के बीच हुए मुकाबले में ईरान और थाईलैंड ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया। वहीं एक अन्य मुकाबले में भारत के विक्रम राजेंद्र इंगले, सिद्धांत राहुल कांबले और आनंदकुमार वेलकुमार की तिकड़ी ने पुरुषों की रिले में 4:15.126 समय के साथ दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए भारतीय टीम ने 4:10.128 का समय लिया और तीसरे स्थान पर रही। चीनी ताइपे (4:05.692) ने दक्षिण कोरिया (4:05.702) को पीछे छोड़ते हुए पुरुषों की रिले रेस में भी स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले, हांगझोऊ 2023 में महिलाओं की स्पीड स्केटिंग 10000 मीटर पॉइंट-एलिमिनेशन रेस में आरती कस्तूरी राज पांचवें स्थान पर रही थीं, जबकि हीरल साधु बाहर हो गई थीं। पुरुषों की स्पीड स्केटिंग 10000 मीटर पॉइंट-एलिमिनेशन रेस में आनंदकुमार वेलकुमार और सिद्धांत राहुल कांबले क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहे थे। वहीं, विक्रम राजेंद्र इंगले पुरुषों की स्पीड स्केटिंग 1000 मीटर स्प्रिंट स्पर्धा में पोडियम पर जगह बनाने से चूक गए थे और चौथे स्थान पर रहे थे। इसी स्पर्धा में आर्यनपाल सिंह घुमन सातवें स्थान पर रहे। महिलाओं की स्पीड स्केटिंग 1000 मीटर स्प्रिंट में कार्तिक जगदीश्वरन पांचवें स्थान पर रहीं थी।